*अनुबंध - 15*

## केन्द्रीय कर प्रणाली के अंतर्गत परित्यक्त राजस्व
## वित्तीय वर्ष 2009-10 और 2010-11

किसी भी कर प्रणाली का मुख्य उद्देश्य सरकारी खर्चों को निधिपोषित करने के लिए राजस्व जुटाना होता है। जुटाए गए राजस्व की राशि बहुत हद तक कर आधारों और कर दरों द्वारा निर्धारित की जाती है। यह विभिन्न उपायों- विशेष कर दरों, छूटों, कटौतियों, रियायतों, आस्थगनों और क्रेडिटों - जो कर के स्तर और वितरण को प्रभावित करते हैं - का भी एक कार्य है। इन उपायों को कभी-कभी ''कर तरजीह'' भी कहा जाता है। इनका सरकारी राजस्व पर एक प्रभाव होता है (अर्थात इनकी एक लागत होती है) और ये सरकार के नीतिगत विकल्पों को परिलक्षित करते हैं।

कर तरजीहों को अधिमानी करदाताओं को सब्सिडी भुगतानों के रूप में देखा जा सकता है। इन अन्तर्विष्ट भुगतानों का "कर व्ययों" के रूप में उल्लेख किया जाता है और प्रायः यह तर्क दिया जाता है कि उन्हें बजट में व्यय मदों के रूप में दर्शाया जाना चाहिए। इस संदर्भ में, मूल मुद्दा कर नीति का नहीं वरन् सक्षमता और पारदर्शिता का है - कार्यक्रम आयोजना में यह अपेक्षित है कि नीतिगत उद्देश्यों को सुस्पष्ट रूप से सामने लाया जाए; और बजट निर्माण कार्यक्रम में ऐसे परिव्ययों को उनके सम्बन्धित कार्यक्रम शीर्षों के अन्तर्गत शामिल किए जाने की आवश्यकता है। कर व्यय कर संविधि में सन्निहित व्यय संबंधी कार्यक्रम हैं।

कर व्यय अथवा परित्यक्त राजस्व विवरण, पहली-बार संसद के समक्ष बजट 2006-07 के दौरान प्राप्ति बजट 2006-07 के अनुबंध-12 के रूप में प्रस्तुत किया गया था। इसका सभी ने स्वागत किया और इससे राजकोषीय नीति से सम्बन्धित सम्पूर्ण मुद्दों पर रचनात्मक परिचर्चा सम्भव हुई। इससे कर नीति और कर व्ययों के मामले में पारदर्शिता लाने के सरकार के इरादे को भी विश्वसनीयता प्राप्त हुई।

इस विवरण के दूसरे संस्करण को बजट 2007-08 के दौरान संसद के समक्ष प्राप्ति बजट के अनुबन्ध-12 के रूप में तथा "परित्यक्त राजस्व का विवरण" नामक एक पृथक बजट प्रलेख के रूप में भी प्रस्तुत किया गया था। इसके बाद इसे बजट 2008-09, 2009-10 तथा 2010-11 के दौरान संसद के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

पिछले पांच वर्ष की भांति यह दस्तावेज उन कर प्रोत्साहनों अथवा कर सब्सिडियों के राजस्व प्रभाव को सूचीबद्ध करता है जो केद्र सरकार की कर प्रणाली का हिस्सा हैं। ऐसे कर प्रोत्साहनों के कारण परित्यक्त राजस्व का अनुमान कर अधिमानताओं की अधिकांश मदों के सम्बन्ध में किया गया है। यह अनुमान वित्तीय वर्ष 2009-10 के लिए है और यही सबसे हाल का वर्ष है, जिसके लिए आंकड़े उपलब्ध हैं। फिर भी, 2009-10 के परित्यक्त राजस्व आंकड़ों के आधार पर जो 2010-11 के संग्रहण संबंधी अनंतिम आंकड़ों के आधार पर प्रक्षेपित किए गए थे। वित्त वर्ष 2010-11 के दौरान राजस्व हानि का अनुमान लगाने के लिए एक प्रयास किया गया है।

कर व्यय के अनुमान निम्नलिखित अवधारणाओं के आधार पर किए गएः

(क) अनुमानों और पूर्वानुमानों का आशय उन संभावित राजस्व प्राप्तियों को दर्शाना है जो छूटों, कटौतियों, भारित कटौतियों और इसी प्रकार के उपायों को हटा कर उगाहे गए होते हैं। ये अनुमान अल्पावधिक प्रभाव विश्लेषण पर आधारित हैं। वे इस मान्यता पर तैयार किये गए हैं कि इन उपायों को हटाने से अन्तर्निहित कर आधार प्रभावित नहीं होगा। जिस सीमा तक आर्थिक अभिकर्ताओं के व्यवहार, समग्र आर्थिक क्रियाकलाप और अन्य सरकारी नीतियों में विशिष्ट कर तरजीहों के निरसन के साथ बदलाव आ सकता है उसी सीमा तक राजस्व फलितार्थ भिन्न हो सकते हैं।

(ख) प्रत्येक कर रियायत की लागत का निर्धारण,यह मानते हुए कि अन्य सभी कर उपबंध अपरिवर्तित रहेंगें, पृथक रूप से किया जाता है। तथापि अनेक कर रियायतें एक दूसरे से जुड़ी हुई होती हैं। स्पष्ट शब्दों में, कर प्रोत्साहनों का अन्योन्य क्रिया मिश्रित प्रभाव प्रत्येक प्रावधान के लिए अनुमानों और पूर्वानुमानों को जोड़ कर परिकलित परित्यक्त राजस्व से भिन्न हो सकता है।

विभिन्न कर प्रोत्साहनों के कारण परित्यक्त राजस्व का अनुमान लगाने के लिए अपनाई गई धारणाओं और पद्धतियों का उल्लेख इस विवरण के संबंधित भाग में किया गया है।

### प्रत्यक्ष कर

आय कर अधिनियम में, अन्य बातों के साथ-साथ व्यक्तियों द्वारा बचतों को प्रोत्साहित करने; निर्यातों; संतुलित क्षेत्रीय विकास; आधारभूत ढांचा सुविधाओं की स्थापना; रोजगार, धमार्थ कार्यों के लिए दान और ग्रामीण विकास; वैज्ञानिक अनुसंधान और विकास तथा सहकारी क्षेत्र के लिए कर प्रोत्साहनों का प्रावधान है। पूंजी निवेश के लिए प्रोत्साहन के रूप में, त्वरित मूल्यह्रास की भी व्यवस्था होती है। इन कर लाभों में से अधिकांश का फायदा कम्पनी और गैर-कम्पनी करदाताओं दोनों द्वारा उठाया जा सकता है। इस विवरण में कुछ मुख्य कर व्यय का अनुमान लगाने का प्रयास किया गया है।

**क. कारपोरेट सेक्टर**

बड़े कारोबार मुख्यतः कम्पनियों के रूप में संगठित हैं। आयकर विभाग को वित्त वर्ष 2009-10 (अर्थात् कर निर्धारण वर्ष 2010-11) के लिए 31 दिसम्बर, 2010 तक 4,27,811 कम्पनियों से इलेक्ट्रोनिक रूप से प्रस्तुत आयकर विवरणियां प्राप्त हुई हैं। ये विवरणियां वित्त वर्ष 2010-11 में अनुमानित की गई कुल निगमित विवरणियों का लगभग 90% बैठती हैं। प्राप्त सूचना के आधार पर इन कम्पनियों से वित्त वर्ष 2009-10 में उनकी आय पर 1,93,869 करोड़ रूपए (अधिभार एवं शिक्षा उपकर सहित) का कम्पनी कर देय है। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2009-10 के दौरान सन्देय 12595 करोड़ रूपये के लाभाशं वितरण कर की भी सूचना दी है।

कर व्यय का अनुमान लगाने के लिए इन 4,27,811 कम्पनियों के आंकड़ों को विश्लेषण हेतु डाटाबेस से हटा दिया गया था तथा इनका ब्यौरा इस विवरण के परिशिष्ट तथा सारणी 1 से 5 तक में दिया गया है। सारणी-1 में इन कम्पनियों के मुनाफों की सीमाओं की जानकारी दी गई है। आंकड़ों के विलेषण से निम्नलिखित तथ्य उभर कर सामने आएं है। आकड़ों का विश्लेषण किया गया और निम्नलिखित तथ्य सामने आए हैंः

- 2,49,977 कम्पनियों (58.43 प्रतिशत) ने वित्त वर्ष 2009-10 के दौरान कर देने से पहले 8,23,937 करोड़ रूपये का लाभ तथा 5,39,408 करोड़ रूपये की कुल आय[2] (कर योग्य आय) की जानकारी दी है।
- 1,49,283 कम्पनियों (34.9 प्रतिशत) ने 1,85,585 करोड़ रूपये के नुकसान होने की सूचना दी है।
- 28,551 कम्पनियों (6.67 प्रतिशत) ने शून्य लाभ की जानकारी दी है।

इन सम्पूर्ण नमूना आंकड़ों की प्रभावी कर दर[3] 23.53 प्रतिशत[4] थी (जबकि 2008-09 में यह दर 22.78 प्रतिशत सूचित की गई थी) जबकि सामाजिक कर दर 33.99 प्रतिशत थी। कम्पनियां, जिनका कर से पहले लाभ (जिसे इसके बाद पीबीटी के रूप में जाना जाएगा), 500 करोड़ रूपये तथा इससे अधिक था- कुल 216 कम्पनियां- का कुल पीबीटी 55.75 प्रतिशत था तथा उनके द्वारा दिया जाने वाला कुल कम्पनी आयकर 53.43 प्रतिशत था। तथापि, उनकी प्रभावी कर दर 22.55 प्रतिशत थी, जबकि उन कम्पनियों जिनका पीबीटी एक करोड़ रूपए तक था, की प्रभावी कर दर 25.70 प्रतिशत थी।

एक करोड़ रुपये तक कर पूर्व मुनाफे वाली कम्पनियों के बारे में कर पूर्व लाभ की कुल आय का अनुपात कुल सैम्पल (67.45 प्रतिशत) के मुकाबले काफी अधिक (77.90 प्रतिशत) है। बड़ी कम्पनियों की तुलना में अपेक्षतया छोटी कम्पनियों के मामले में करों से पहले मुनाफों का यह कम अन्तर प्रदर्शित करता है जो बड़ी कम्पनियों को उपलब्ध कराई जा रही उच्च कर रियायतों के कारण है।

**सारणी 1: करों से पहले मुनाफों की रेंज वाली सैम्पल कम्पनियों की रूपरेखा (वित्तीय वर्ष 2009-10) (सैम्पल आकार-427811)**

| क्रम सं. | करों से पूर्व मुनाफा | कम्पनियों की संख्या | कर-पूर्व लाभों में हिस्सा (% में) | कुल आय में हिस्सा (% में) | संदेय कुल कारपोरेट आयकर में हिस्सा (% में) | करों से पूर्व लाभ में कुल आय का प्रतिशत (% में) | प्रभावी कर दर (% में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शून्य से कम | 149283 | 0.00 | 0.38 | 0.33 | - | - |
| 2 | शून्य | 28551 | 0.00 | 3.25 | 1.63 | - | - |
| 3 | 0-1 करोड़ रूपए | 223888 | 3.13 | 3.72 | 3.42 | 77.90 | 25.70 |
| 4 | 1-10 करोड़ रूपए | 20621 | 7.54 | 7.77 | 8.00 | 67.46 | 24.97 |
| 5 | 10-50 करोड़ रूपए | 3880 | 10.08 | 9.53 | 10.19 | 61.92 | 23.79 |
| 6 | 50-100 करोड़ रूपए | 680 | 5.71 | 5.08 | 5.54 | 58.19 | 22.82 |
| 7 | 100-500 करोड़ रूपए | 692 | 17.79 | 16.31 | 17.46 | 60.03 | 23.09 |
| 8 | 500 करोड़ रूपए से अधिक | 216 | 55.75 | 53.95 | 53.43 | 63.35 | 22.55 |
| 9 | सभी नमूना कंपनियां | 427811 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 65.47 | 23.53 |

सारणी 2 में प्रभावी कर दरों के संदर्भ में नमूना कम्पनियों की रूप रेखा दी गयी है। 20 प्रतिशत तक की औसत प्रभावी दर वाली 68,918 कम्पनियों का हिस्सा कर-पूर्व कुल लाभ का 46.20 प्रतिशत तथा कुल कर योग्य आय का 21.47 प्रतिशत और कुल प्रदत्त कर का 27.08 प्रतिशत बैठता था। 42,744 कम्पनियों, जिनका कुल लाभ 14.83 प्रतिशत और कुल कर 24.46 प्रतिशत था, की प्रभावी कर दर सांविधिक दर की अपेक्षा अधिक थी। यह आयकर अधिनियम के तहत कतिपय व्ययों को लाभ एवं हानि लेखा के नामे डाले जाने को अस्वीकृति दिए जाने के कारण है।

1 *वित्त वर्ष 2008-09 के लिए नमूना आकार 3,66,233 था ।*

2 *आयकर विवरणी में "कुल आय'' कराधेय आय को निरूपित करती है जैसा कि सामान्य बोलचाल की भाषा में अर्थ निकाला जाएगा ।*

3 *कम्पनियों के मामले में प्रभावी कर दर, करों से पूर्व (पीबीटी) कुल लाभों को संदत्त कुल कर (अधिभार एवं शिक्षा उपकर सहित किन्तु लाभांश वितरण कर व अनुषंगी लाभ कर शामिल नहीं) का अनुपात है एवं प्रतिशत के रूप में दर्शाया गया है।*

4 *लाभांश वितरण कर सहित प्रभावी कर दर 25.06 प्रतिशत थी।*

**सारणी 2 : नमूना कम्पनियों के प्रभावी कर-दर* की रूपरेखा (वित्तीय वर्ष 2009-10) (सैम्पल आकार-427811)**

| क्रम सं. | प्रभावशाली कर दर (प्रतिशत में) | कम्पनियों की संख्या | कुल लाभों में हिस्सा (प्रतिशत में) | कुल आय में हिस्सा (प्रतिशत में) | संदेय कुल कर में हिस्सा (प्रतिशत में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शून्य से कम तथा शून्य | 164984 | 3.05 | 0.44 | 0.33 |
| 2 | 0-20 | 68918 | 43.15 | 21.03 | 26.75 |
| 3 | 20-25 | 14491 | 7.83 | 8.00 | 7.57 |
| 4 | 25-30 | 24049 | 15.46 | 18.97 | 17.79 |
| 5 | 30-33.99 | 84074 | 15.66 | 22.77 | 21.46 |
| 6 | >33.99 | 42744 | 14.83 | 25.53 | 24.46 |
| 7 | अनिर्धारण | 28551 | 0.00 | 3.25 | 1.63 |
| 8 | सभी नमूना कंपनियां | 427811 | 100.00 | 100.00 | 100.00 |

* *प्रभावी कर दर में अधिभार और शिक्षा उपकर शामिल है।*

सारणी 3 में सरकारी कम्पनियों (पीएसयू केवल) की प्रभावी कर दर की तुलना निजी कम्पनियों से की गयी है। हालांकि दोनों श्रेणियों की दर सांविधिक दर के मुकाबले कम है फिर भी यह स्पष्ट है कि सरकारी कम्पनियां निजी कम्पनियों की तुलना में अपने मुनाफे की बहुत बड़ी राशि कर के रूप में देती हैं। इस प्रकार, निजी क्षेत्र में सरकार की बहुत बड़ी राशि कर व्यय के रूप में खर्च करनी पड़ती है।

**सारणी 3 : सरकारी और निजी क्षेत्रों में सैम्पल कम्पनियों की प्रभावी कर दर* (वित्त वर्ष 2009-10) (सैम्पल आकार-427053)**

| क्रम सं. | क्षेत्र | कम्पनियों की संख्या | कुल लाभों में हिस्सा (% में) | संदेय कुल कर में हिस्सा (% में) | प्रभावी कर दर (% में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सरकारी | 2153 | 23.45 | 25.23 | 25.36 |
| 2 | निजी | 424900 | 76.55 | 74.77 | 23.03 |
| | **योग** | **427053** | **100.00** | **100.00** | **23.58** |

* *प्रभावी कर दर में अधिभार और शिक्षा उपकर शामिल है। नमूना आकार अन्य सारणियों से थोड़ा कम है क्योंकि कुछ विवरणियों की पीएसयू ऑप्शन को भरा नहीं गया था।*

सारणी 4 में सैम्पल कम्पनियों के मामले में विनिर्माण क्षेत्र तथा सेवा क्षेत्र के मध्य में तुलना दर्शायी गई है। सेवा क्षेत्र की अपेक्षा विनिर्माण क्षेत्र की प्रभावी कर दर कम है। इन दोनों क्षेत्रों की प्रभावी कर दर है जो 33.99 प्रतिशत की सांविधिक दर से काफी कम है।

**सारणी 4 : विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में सैम्पल कम्पनियों की प्रभावी कर दर* (वित्त वर्ष 2009-10) (सैम्पल आकार-427053)**

| क्रम सं. | क्षेत्र | कम्पनियों की संख्या | कुल लाभों में हिस्सा (% में) | संदेय कुल कर में हिस्सा (% में) | प्रभावी कर दर (% में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विनिर्माण | 115366 | 51.7 | 51.33 | 23.40 |
| 2 | सेवा | 311687 | 48.27 | 48.67 | 23.77 |
| | **योग** | **427053** | **100.00** | **100.00** | **23.58** |

**प्रभावी कर दर में अधिभार और शिक्षा उपकर ाामिल है। नमूना आकार अन्य सारणियों से थोड़ा कम है क्योंकि कुछ विवरणियों की पी एस यू पताका देखे नहीं गए थे।*

सारणी 5 वित्त वर्ष 2009-10 एवं 2010-11 के दौरान हुए राजस्व परित्याग के संबंध में कम्पनी करदाताओं पर प्रमुख कर व्ययों के ब्यौरे देती है। इन कम्पनियों द्वारा दावा किए गए प्रत्येक कर रियायत पर कर परित्याग की गणना प्रत्येक छूट राशि पर 33.99 प्रतिशत की कम्पनी कर दर लागू करके की गई है। वैज्ञानिक अनुसंधान पर व्यय के लिए त्वरित मूल्यह्रास, कटौती/ भारित कटौती तथा जनता के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए पात्र परियोजनाओं/ योजनाओं पर व्यय के लिए कटौती के कारण हुए राजस्व परित्याग की गणना पहले कम्पनियों के लाभ एवं हानि खातों

में डेबिट किए गए मूल्यह्रास/ कटौती एवं आयकर अधिनियम के तहत अनुमत मूल्यह्रास/ कटौती के बीच के अन्तर की गणना करके की जाती है। तत्पश्चात, परित्यक्त राजस्व के आंकड़े पर आने के लिए इस अंतर पर 33.99 प्रतिशत की निगम कर दर लागू किया गया है।

वित्त वर्ष 2009-10 के लिए परित्यक्त राजस्व के आंकड़ों के आधार पर वित्त वर्ष 2010-11 के लिए राजस्व परित्याग का अनुमान लगाया गया है। 2010-11 के लिए अनुमान 2009-10 में प्रत्येक कर प्रोत्साहन पर परित्यक्त राजस्व वर्ष में संगृहीत वास्तविक निगम कर (2,44,725 करोड़ रूपए) से अनुपात की गणना कर एवं तत्पश्चात् उसी अनुपात को 2010-11 के निगम कर संग्रहण (2,96,377 करोड़ रूपए) के संशोधित अनुमान पर लागू करके लगाया जाता है। सारणी 5 वित्त वर्ष 2009-10 एवं 2010-11 के दौरान हुए राजस्व परित्याग के संबंध में कम्पनी करदाताओं पर प्रमुख कर व्ययों के ब्यौरे देती है।

**सारणी 5: वित्त वर्ष 2009-10 और 2010-11 के दौरान कार्पोरेट करदाताओं पर प्रमुख कर व्यय (नमूना आकार 427811)**

| क्रम सं. | प्रोत्साहन का स्वरुप | राजस्व परित्याग (करोड़ रुपए में) (2009-10) | दर्शाया गया राजस्व परित्याग(करोड़ रुपए में) (2010-11) |
|---|---|---|---|
| 1 | एसटीपीआई यूनिटों के निर्यात लाभ की कटौती (धारा 10क) | 9497 | 11501 |
| 2 | ईएचटीपी यूनिटों के निर्यात लाभ की कटौती (धारा 10क) | 102 | 124 |
| 3 | सेज में स्थित यूनिटों के निर्यात लाभ की कटौती (धारा 10क) | 4233 | 5126 |
| 4 | ईपीजेड में स्थित यूनिटों के निर्यात लाभ की कटौती (धारा 10क) | 32 | 39 |
| 5 | एफटीजेड में स्थित यूनिटों के निर्यात लाभ की कटौती (धारा 10क) | 35 | 42 |
| 6 | निर्यातोन्मुख यूनिटों (ईओयू ) यूनिटों के निर्यात लाभ की कटौती (धारा 10ख) | 3085 | 3736 |
| 7 | कलात्मक मूल्य की वस्तुओं का विनिर्माण करने वाली यूनिटों के निर्यात लाभों की कटौती (धारा 10खक ) | 26 | 31 |
| 8 | त्वरित मूल्य ह्रास (धारा 32) | 29308 | 35494 |
| 9 | वैज्ञानिक अनुसंधान पर व्यय के लिए कटौती/भारित कटौती (धारा 35(1) (2कक)एवं (2ख(क)) | 2416 | 2926 |
| 10 | जनता के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए पात्र परियोजनाओं अथवा योजनाओं पर व्यय की कटौती(धारा 35कग) | 104 | 126 |
| 11 | धर्मार्थ न्यासों और संस्थाओं को दान के कारण कटौती (धारा 80छ) | 554 | 671 |
| 12 | वैज्ञानिक अनुसंधान अथवा ग्रामीण विकास के लिए दान के कारण कटौती (धारा 80छछक ) | 1 | 1 |
| 13 | राजनैतिक दलों को अंशदान के कारण कटौती (धारा 80छछख) | 42 | 51 |
| 14 | कतिपय औद्योगिक उपक्रमों अथवा पोत अथवा होटल व्यवसाय के लाभों की कटौती (धारा 80झ) | शून्य | शून्य |
| 15 | अवसंरचना सुविधाओं के विकास में लगे उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80 झक) | 2592 | 3139 |
| 16 | सेज और औद्योगिक पार्कों के विकास में लगे उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झक) | 354 | 429 |
| 17 | दूरसंचार सेवाएं उपलब्ध कराने में लगे उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झक) | 3510 | 4251 |
| 18 | बिजली के उत्पादन, वितरण और पारेषण में लगे उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झक) | 7236 | 8763 |
| 19 | विद्युत संयंत्र के पुनरूद्धार में लगे उपक्रम के लाभों की कटौती (धारा 80झक) | 214 | 259 |
| 20 | सेज अधिनियम, 2005 के अनुसरण में सेज के विकास में | | |

| क्रम सं. | प्रोत्साहन का स्वरुप | राजस्व परित्याग (करोड़ रुपए में) (2008-09) | निरुपित राजस्व परित्याग (करोड़ रुपए में) (2009-10) |
|---|---|---|---|
| | लगे उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झकख) | 757 | 917 |
| 21 | लघु क्षेत्र में चल रहे औद्योगिक उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झख) | 137 | 166 |
| 22 | जम्मू एवं कश्मीर में स्थित औद्योगिक उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झख) | 217 | 263 |
| 23 | जम्मू एवं कश्मीर से भिन्न औद्योगिक रूप से पिछडे राज्यों में स्थित उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झख) | 372 | 451 |
| 24 | पिछडे जिलों में स्थित औद्योगिक उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झख) | 97 | 117 |
| 25 | मल्टीप्लेक्स थिएटर और कन्वेशन सेंटर से आहरित औद्योगिक उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झख) | 2 | 2 |
| 26 | वैज्ञानिक अनुसंधान के विकास से आहरित औद्योगिक उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झख) | 68 | 82 |
| 27 | खनिज तेल के उत्पादन से आहरित औद्योगिक उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झख) | 1056 | 1279 |
| 28 | आवास परियोजनाओं से आहरित औद्योगिक उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झख) | 986 | 1194 |
| 29 | कोल्ड चेन फेसिलिटी के प्रचालन से आहरित औद्योगिक उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झख) | 2 | 2 |
| 30 | खाद्यान्नों की हैंडलिंग,भंडारण और परिवहन के समेकित व्यवसाय से आहरित औद्योगिक उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झख) | 43 | 52 |
| 31 | फलों एवं सब्जियों के प्रसंस्करण, परिरक्षण और पेकेजिंग से आहरित औद्योगिक उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झख) | 72 | 87 |
| 32 | ग्रामीण क्षेत्र में अस्पताल से आहरित औद्योगिक उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झख) | 3 | 4 |
| 33 | पूर्वोत्तर राज्यों में स्थापित उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झग) | 1247 | 1510 |
| 34 | सिक्किम में स्थापित उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झग) | 89 | 108 |
| 35 | उत्तरांचल में स्थापित उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झग) | 2200 | 2664 |
| 36 | हिमाचल प्रदेश में स्थापित उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झग) | 2127 | 2576 |
| 37 | जैविक अपशिष्ट के संग्रहण एवं प्रसंस्करण के व्यवसाय से प्राप्त लाभों की कटौती (धारा 80 ञञक) | 21 | 25 |
| 38 | नए कामगारों को राजगारों के संबंध में कटौती (धारा 80 ञञकक) | 29 | 35 |
| 39 | अपतटीय बैंकिग यूनिटों(ओबीयू) और अंतर्राष्ट्रीय वित्त सेवा केन्द्र (आईएफएससी) की कतिपय आयों के संबंध में कटौती (धारा 80ठक) | 15 | 18 |
| | **योग :** | **72881** | **88263** |

यद्यपि पिछले वर्ष 2009-10 के लिए निरूपित राजस्व परित्याग 79,554 करोड़ रूपए होने का अनुमान लगाया गया था, जिसे अब 72,881 करोड़ रूपए होने का अनुमान है जो 8.38 प्रतिशत कम है।

त्वरित मूल्य ह्रास लेखा शीर्ष जिसके अंतर्गत कर राजस्व की सर्वाधिक राशि (29,308 करोड़ रूपए) का परित्याग हुआ है।

विभिन्न क्षेत्रों में, साफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्कों (एसटीपी), निर्यातोन्मुख उपक्रमों (ईओयू), विद्युत एवं दूर संचार क्षेत्रों के लिए कटौतियों का कुल कर परित्याग में क्रमशः 13 प्रतिशत, 4 प्रतिशत, 10 प्रतिशत और 5 प्रतिशत हिस्सा है।

पिछले वर्ष की विवरणी में वित्त वर्ष 2009-10 के लिए एसईजैड में स्थित यूनिटों के निर्यात लाभ पर राजस्व परित्याग 3,183 करोड़ रूपए निरूपित किया गया था। तथापि, इन यूनिटों के लिए उसी वर्ष के दौरान वास्तविक राजस्व परित्याग की अब गणना 4,233 करोड़ रूपए की गई है। वित्त वर्ष 2010-11 के लिए इन्हीं यूनिटों के लिए 5,126 करोड़ रूपए की कटौती होने का अनुमान किया गया है । वित्त वर्ष 2009-10 में कटौती में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए धारा 10क एवं 10कक के संबंध में वित्त वर्ष 2010-11 में वास्तविक राजस्व परित्याग अनुमान से अधिक हो सकता है ।

कम्पनियों की प्रभावी कर दर का उद्योग-वार वितरण इस विवरणी के परिशिष्ट की सारणी में दिया गया है। निम्नतर रेंज में आई टी इनेबल्ड सर्विसेज प्रोवाइडर्स एवं बी पी ओ सर्विस प्रोवाइडर्स तथा सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट एजेंसियों की प्रभावी कर दर क्रमशः 15.1 प्रतिशत एवं 18.0 प्रतिशत पर है।

### ख. गैर-कारपोरेट (फर्म/ए.ओ.पी/बीओआई) सेक्टर

कार्पोरेट क्षेत्र के अलावा साझेदारी फर्मों, तथा व्यक्तियों के संघ (एओपी) अथवा व्यक्तियों के निकाय (बीओआई) के रूप में भी बड़े व्यवसाय संचालित किए जाते हैं। इन पर कर व्यय कंपनियों जितना अधिक नहीं है। वित्त वर्ष 2009-10 की आय के लिए आयकर विभाग ने 31 दिसम्बर, 2010 तक इलैक्ट्रानिक माध्यम से 3,95,458 विवरणियां प्राप्त की हैं। कर व्यय का अनुमान लगाने के प्रयोजनार्थ, आयकर विभाग के डेटाबेस से 3,95,458 फर्मों/एओपी/बीओआई से संबंधित डेटा चुना गया। 31 दिसम्बर, 2010 तक इन फर्मों/एओपी/बीओआई ने अपनी विवरणियां इलेक्ट्रानिक रूप से दायर की थी। वित्त वर्ष 2009-10 में फर्मों/एओपी/बीओआई की समष्टि द्वारा संदत्त कर बहुत बड़े हिस्से का कारण है।

इस डेटा का विश्लेषण किया गया तथा निम्नलिखित तथ्य उभर कर सामने आएः

- नमूना फर्मों/एओपी/बीओआई ने वित्त वर्ष 2009-10 के दौरान कर पूर्व लाभ के रूप में 61,569 करोड़ रुपए की सूचना दी (नमूना के तकरीबन 8.7 प्रतिशत हानि की सूचना दी गई) तथा 42,380 करोड़ रुपए की कुल आय (कराधेय आय) की घोषणा की।
- इन नमूना फर्मों/एओपी/बीओआई ने वित्त वर्ष 2009-10 के लिए संदेय आयकर के रूप में **(अधिभार और शिक्षा उपकर सहित) 12,796** करोड़ रुपए सूचित किया है। उनके मामले में प्रभावी कर दर[5] 20.78 प्रतिशत बनती है।

नमूना फर्मों/एओपी/बीओआई द्वारा दावाकृत प्रत्येक कर रियायत पर कर परित्याग की गणना द्वारा कटौती की राशि पर 30.90 प्रतिशत की आयकर दर लागू की गई है। पहले लाभ में डेबिट किए गए मूल्यह्रास/कटौती और फर्मों/एओपी/बीओआई के लाभ एवं हानि के खातों एवं आयकर अधिनियम के अंतर्गत अनुमत मूल्यह्रास/कटौती के बीच अंतर का निर्धारण करके त्वरित मूल्यह्रास, वैज्ञानिक अनुसंधान संबंधी व्यय के लिए कटौती/भारित कटौती तथा जनता के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए पात्र परियोजनाओं/ योजनाओं पर व्यय के लिए कटौती की मद में राजस्व परित्याग की गणना की गई है। तत्पश्चात, परित्यक्त राजस्व के आंकड़े निकालने के लिए इस अंतर पर 30.90 प्रतिशत की आयकर दर लागू की गई है।

यद्यपि संदत्त कर की दृष्टि से नमूना फर्मों/एओपी/बीओआई ऐसी कुल संस्थाओं के 90 प्रतिशत का ही प्रतिनिधित्व करती है, इन नमूना फर्मों/ एओपी/बीओआई के कारण राजस्व परित्याग को इस क्षेत्र में कुल राजस्व परित्याग के रूप में लिया गया है। इस सीमा तक परित्यक्त राजस्व कम आंका गया हो सकता है।

वित्त वर्ष 2009-10 के राजस्व परित्याग आंकड़ों के आधार पर, वित्त वर्ष 2010-11 के दौरान राजस्व परित्याग का अनुमान लगाया गया है। 2010-11 के लिए अनुमान फर्मों/एओपी/बीओआई से वर्ष में संग्रहीत वास्तविक आय कर (15,782 करोड़ रुपए) की तुलना में वर्ष 2009-10 में प्रत्येक कर प्रोत्साहन का कर राजस्व परित्याग के अनुपात की गणना करके और फिर 2010-11 में आयकर संग्रहण के संशोधित अनुमान (17,709 करोड़ रुपए) के इसी अनुपात को लागू करके तैयार किया गया है (सारणी-6)।

वित्त वर्ष 2009-10 और 2010-11 के दौरान राजस्व परित्याग की दृष्टि से गैर कार्पोरेट करदाताओं पर प्रमुख कर व्यय दर्शाती है। कुल मिलाकर उच्चतम कर व्यय, उपक्रमों के लाभों पर कटौती, जो कि आवासीय परियोजनाओं जो कुल राजस्व परित्याग का 33.55 प्रतिशत बैठती हैं, के कारण हैं।

**सारणी 6 : वित्त वर्ष 2009-10 और 2010-11 के दौरान नमूना फर्मों /एओपी/बीओआई पर प्रमुख कर व्यय (नमूना आकार-395458)**

| क्रम सं. | प्रोत्साहन का स्वरुप | परित्यक्त राजस्व (करोड़ रुपए) (2009-10) | परित्यक्त राजस्व (करोड़ रुपए) (2010-11) |
|---|---|---|---|
| 1 | एसटीपीआई यूनिटों के निर्यात लाभ की कटौती (धारा 10क) | 67 | 75 |
| 2 | ईएचटीपी यूनिटों के निर्यात लाभ की कटौती (धारा 10क) | शून्य | शून्य |

*5. फर्मों/एओपी/बीओआई के मामले में प्रभावी कर दर करों से पूर्व कुल लाभ (पीबीटी) के संदत्त कुल कर (शिक्षा उपकर सहित) का अनुपात है एवं प्रतिशत के रूप में दर्शाया गया है।*

| क्रम सं. | प्रोत्साहन का स्वरुप | परित्यक्त राजस्व (करोड़ रुपए) (2009-10) | परित्यक्त राजस्व (करोड़ रुपए) (2010-11) |
|---|---|---|---|
| 3 | सेज में स्थित यूनिटों के निर्यात लाभ की कटौती (धारा 10क और 10कक ) | 296 | 333 |
| 4 | ईपीजेड में स्थित यूनिटों के निर्यात लाभ की कटौती (धारा 10क) | 7 | 8 |
| 5 | एफटीजेड में स्थित यूनिटों के निर्यात लाभ की कटौती (धारा 10क) | 1 | 1 |
| 6 | निर्यातोन्मुखी यूनिटों (ईओयू ) यूनिटों के निर्यात लाभ की कटौती (धारा 10ख) | 352 | 395 |
| 7 | कलात्मक मूल्य की वस्तुओं का विनिर्माण करने वाली यूनिटों के निर्यात लाभों की कटौती (धारा 10खक ) | 1 | 1 |
| 8 | त्वरित मूल्य ह्रास (धारा 32) | 439 | 493 |
| 9 | वैज्ञानिक अनुसंधान पर व्यय के लिए कटौती/भारित कटौती (धारा 35(1), (2कक)एवं (2खक) | 2 | 2 |
| 10 | जनता के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए पात्र परियोजनाओं अथवा योजनाओं पर व्यय की कटौती(धारा 35कग) | 33 | 36 |
| 11 | पूण्यार्थ न्यासों और संस्थाओं को दान के कारण कटौती (धारा 80छ) | 38 | 43 |
| 12 | वैज्ञानिक अनुसंधान अथवा ग्रामीण विकास के लिए दान के कारण कटौती (धारा 80छछक ) | शून्य | शून्य |
| 13 | राजनैतिक दलों को अंशदान के कारण कटौती (धारा 80छछग) | 2 | 2 |
| 14 | कतिपय औद्योगिक उपक्रमों अथवा पोत अथवा होटल व्यवसाय के लाभों की कटौती (धारा 80झ) | शून्य | शून्य |
| 15 | अवसंरचना सुविधाओं के विकास में लगे उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80 झक) | 24 | 26 |
| 16 | सेज और औद्योगिक पार्कों के विकास में लगे उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झक) | 56 | 64 |
| 17 | दूरसंचार सेवाएं उपलब्ध कराने में लगे उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झक) | 1 | 1 |
| 18 | बिजली के उत्पादन,वितरण और पारेषण में लगे उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झक) | 27 | 31 |
| 19 | विद्युत संयंत्र के पुनरूद्धार में लगे उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झक) | 3 | 3 |
| 20 | सेज अधिनियम, 2005 के अनुसरण में सेज के विकास में लगे उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झकख) | 2 | 2 |
| 21 | लघु क्षेत्र में चल रहे औद्योगिक उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झख) | 80 | 90 |
| 22 | जम्मू एवं कश्मीर में स्थित औद्योगिक उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झख) | 84 | 94 |
| 23 | जम्मू एवं कश्मीर से भिन्न औद्योगिक रूप से पिछ्डे राज्यों में स्थित उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झख) | 27 | 31 |
| 24 | पिछ्डे जिलों में स्थित औद्योगिक उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झख) | 10 | 11 |
| 25 | मल्टीप्लेक्स थिएटर और कन्वेंशन सेंटर से प्राप्त औद्योगिक उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झख) | 1 | 1 |
| 26 | वैज्ञानिक अनुसंधान के विकास से प्राप्त औद्योगिक उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झख) | शून्य | शून्य |
| 27 | खनिज तेल के उत्पादन से प्राप्त औद्योगिक उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झख) | शून्य | शून्य |

| क्रम सं. | प्रोत्साहन का स्वरुप | परित्यक्त राजस्व (करोड़ रुपए) (2009-10) | परित्यक्त राजस्व (करोड़ रुपए) (2010-11) |
|---|---|---|---|
| 28 | आवास परियोजनाओं से प्राप्त औद्योगिक उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झख) | 1625 | 1824 |
| 29 | कोल्ड चेन फेसिलिटी के प्रचालन से प्राप्त औद्योगिक उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झख) | 3 | 3 |
| 30 | खाद्यान्नों की हैंडलिंग,भंडारण और परिवहन के समेकित व्यवसाय से प्राप्त औद्योगिक उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झख) | 2 | 2 |
| 31 | फलों एवं सब्जियों के प्रसंस्करण, परिरक्षण और पेकेजिंग से प्राप्त औद्योगिक उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झख) | 6 | 7 |
| 32 | ग्रामीण क्षेत्र में अस्पताल से प्राप्त औद्योगिक उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झख) | शून्य | शून्य |
| 33 | पूर्वोत्तर राज्यों में स्थापित उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झग) | 280 | 315 |
| 34 | सिक्किम में स्थापित उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झग) | 295 | 332 |
| 35 | उत्तरांचल में स्थापित उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झग) | 252 | 283 |
| 36 | हिमाचल प्रदेश में स्थापित उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80झग) | 377 | 424 |
| 37 | जैविक अपशिष्ट के संग्रहण एवं प्रसंस्करण के व्यवसाय से प्राप्त लाभों की कटौती (धारा 80 जञक) | 4 | 4 |
| 38 | अपतटीय बैंकिग यूनिटों(ओबीयू) और अंतर्राष्ट्रीय वित्त सेवा केन्द्र (आईएफएससी) की कतिपय आयों के संबंध में कटौती (धारा 80ठक) | शून्य | शून्य |
| 39 | सहकारी समितियों के लाभों की कटौती (धारा 80त) | 447 | 502 |
| | **योग :** | **4845** | **5436** |

**ग. व्यष्टि करदाताः**

आयकर अधिनियम के अध्याय VI-क में मुख्यतः कतिपय भुगतानों पर कटौती और कतिपय आय पर कटौती का प्रावधान है। व्यष्टि करदाता इन कटौतियों का दावा करने के लिए पात्र हैं तथा उनको व्यापक श्रेणी की कर वरीयता उपलब्ध है। तथापि, 50 प्रतिशत व्यष्टि करदाता मुख्यतः वेतन से अपनी आय प्राप्त करते हैं, इसलिए उनके द्वारा लाभ से जुड़ी कटौतियों (अर्थात कतिपय व्यवसाय आय पर कटौती) का दावा नहीं किया जाता है। दूसरी तरफ, गैर वेतन भोगी व्यष्टियों का समूह दोनों प्रकार की कटौतियों का दावा करता है।

व्यष्टि करदाताओं को प्रदान किए गए विभिन्न कर लाभों के कारण परित्यक्त राजस्व के अनुमान सारणी 7 में दिए गए हैं । आयकर अधिनियम के अध्याय VI-क के विभिन्न खंडों के अंतर्गत परित्यक्त राजस्व का अनुमान 31 दिसम्बर, 2010 तक आयकर विभाग के पास व्यष्टियों द्वारा दाखिल 3530741 विवरणियों में अधिमानताओं के लिए विभिन्न दावों के आधार पर किया गया है । अध्याय VI-क के अलावा वित्त वर्ष 2009-10 में व्यष्टि करदाताओं पर अन्य महत्वपूर्ण कर व्यय वरिष्ठ नागरिकों (65 या अधिक वर्ष की आयु के व्यष्टि) तथा महिलाओं (वरिष्ठ नागरिकों को छोड़कर) के लिए उच्च बुनियादी छूट सीमाओं के कारण था ।

35,30,741 आयकर विवरणियों के नमूनों के आंकड़ों के आधार पर सम्पूर्ण करदाताओं की संख्या के लिए परित्यक्त राजस्व का अनुमान निम्न प्रकार किया गया हैः-

(i) यथोक्त(सारणी 7 की क्रम सं0 21 एवं 22) उच्च बुनियादी छूट सीमाओं के कारण परित्यक्त राजस्व का परिकलन प्रति वरिष्ठ नागरिक एवं प्रति महिला परित्यक्त राजस्व का उनकी संबंधित संख्या से गुणन कर किया गया है। उनकी संबंधित संख्या का अनुमान उनके द्वारा दाखिल नमूना विवरणियों की प्रतिशतता का परिकलन कर किया गया है । इसके पश्चात इस प्रतिशतता को वित्त वर्ष 2009-10 के लिए व्यष्टियों द्वारा दाखिल विवरणियों की कुल संख्या पर लगाया गया है । 31 दिसम्बर, 2010 तक आयकर विभाग के पास इलेक्ट्रोनिक रूप से दाखिल कुल नमूना विवरणियों की संख्या 35,30,741 है । पिछले वर्ष के 2,79,49,329 अनुमान की तुलना में 5 प्रतिशत की वृद्धि मानकर वर्ष 2009-10 के लिए व्यष्टियों द्वारा दाखिल विवरणियों की कुल संख्या 2,93,46,795 अनुमानित है । नमूना विवरणियों के अनुसार 5.69 प्रतिशत वरिष्ठ नागरिकों द्वारा तथा शेष विवरणियों का 26.56 प्रतिशत महिलाओं (वरिष्ठ नागरिकों को छोड़कर) द्वारा दाखिल किया गया । साथ ही, वरिष्ठ नागरिक और महिला (जो वरिष्ठ नागरिक नहीं हैं) के कारण परित्यक्त राजस्व का परिकलन

1,60,000 रू0 की सामान्य छूट सीमा की तुलना में उच्च बुनियादी छूट सीमा (क्रमशः 2,40,000रू0 तथा 1,90,000रू0) के बीच अन्तर और अन्तर पर 10 प्रतिशत (और उपकर) की निम्नतम कर दर लगाने को ध्यान में रखकर किया गया है । इसके पश्चात प्रत्येक ऐसे करदाता के कारण परित्यक्त राजस्व की परिकल्पना ऐसे करदाताओं की संख्या के कुल अनुमान के आधार पर की गई है ।

(ii) विशिष्ट तौर पर धारा 80-झक, 80-कख, 80-झख और 80-झग (सारणी 7 की क्रम सं0 12 से 15) के अंतर्गत कटौती के मामले में परित्यक्त राजस्व का परिकलन यह मानकर किया गया है कि वास्तविक आंकड़ा इन धाराओं के अंतर्गत व्यष्टियों द्वारा किए गए कुल दावों का 90 प्रतिशत है क्योंकि वित्त वर्ष 2009-10 की आय के लिए सभी लेखा परीक्षित कर विवरणियां अनिवार्य ई-फाइलिंग के अंतर्गत थीं ।

(iii) अन्य सभी मामलों में सभी करदाताओं के लिये परित्यक्त राजस्व का निर्धारण निम्न प्रकार से किया जाता है-

(क) सबसे पहले आयकर की प्रत्येक 'स्लैब' के लिये, जिसकी कि 'सैम्पल रिटर्न' में अलग-अलग दर है, प्रति कर दाता औसत परित्यक्त राजस्व की गणना की जाती है।

(ख) दूसरे सैम्पल में कुल करदाता रिटर्न कुल कर दाता के अनुपात की गणना की जाती है ।

तत्पश्चात (क) और (ख) के गुणनफल को सैम्पल के कुल कर दाता विवरणियों की संख्या जो कि संबंधित आय के 'स्लैब' में आते हैं, से गुणा किया जाता है, तब किसी प्रोत्साहन विशेष के लिए आयकर के उस स्लैब के लिए परित्यक्त राजस्व प्राप्त होता है। सभी स्लैबों के राजस्व परित्यक्त को जोड़ने पर किसी विशेष कर प्रोत्साहन के लिए सम्पूर्ण जनसंख्या का परित्यक्त राजस्व प्राप्त होता है।

(iv) वित्तीय वर्ष 2009-10 के परित्यक्त राजस्व के आंकड़ों के आधार पर वित्तीय वर्ष 2010-11 के परित्यक्त राजस्व का अनुमान लगाया गया है। यह अनुमान इस तरह से लगाया गया है कि वर्ष 2009-10 में वैयक्तिक करदाता से प्राप्त वास्तविक आयकर (1,17,050 करोड़ रूपये) की तुलना में इस वर्ष के प्रत्येक कर प्रोत्साहन का अनुपात निकाला गया फिर इसी अनुपात को वर्ष 2010-11 में लोगों से संग्रहीत कुल आयकर पर (1,31,357 करोड़ रूपये) के अनुमान पर लागू किया गया है ।

जैसा कि ऊपर ब्यौरा दिया गया है, सारणी 7 में वित्तीय वर्ष 2009-10 और 2010-11 के परित्यक्त राजस्व की दृष्टि से वैयक्तिक करदाताओं पर हुए प्रमुख कर खर्च को दर्शाया गया है ।

**सारणी-7 वित्तीय वर्ष 2009-10 और 2010-11**
**(नमूना आकार – 3530741) के दौरान व्यष्टि करदाताओं पर मुख्य कर व्यय**

| क्रम सं. | प्रोत्साहन/कटौती की प्रकृत्ति | राजस्व परित्याग (करोड़ रुपये में) (2009-10) | लक्षित राजस्व परित्याग (करोड़ रुपये में) (2010-11) |
|---|---|---|---|
| 1 | कतिपय निवेशों और भुगतानों के कारण कटौती (धारा 80ग) | 33348 | 37424 |
| 2 | कतिपय पेंशन निधियों में योगदान के कारण कटौती (धारा 80गगग) | 227 | 225 |
| 3 | नयी पेंशन स्कीम में योगदान के कारण कटौती (धारा 80गगघ) | 28 | 31 |
| 4 | स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम के कारण कटौती (80घ) | 1080 | 1212 |
| 5 | आश्रित विकलांग के चिकित्सा उपचार के लिए व्यय के कारण कटौती (80घघ) | 107 | 120 |
| 6 | विनिर्दिष्ट बीमारियों के चिकित्सा इलाज हेतु व्यय के कारण कटौती (80घघख) | 43 | 48 |
